# हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

## 74 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में 15 अगस्त 2020 को **74 वां स्वतंत्रता दिवस** समारोह मनाया गया जिसमें संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया। **डॉ. एस. एस. सामंत**, निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने इस अवसर पर राष्ट्र-ध्वज फहराया। तत्पश्चात उपस्थित जनसमूह द्वारा राष्ट्रगान गाया गया तथा देशभक्ति के नारे लगाए गए।



इस शुभ अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए निदेशक ने सभी को शुभकामनाएँ प्रेषित की और कहा कि हमें उन महान नायकों और देशभक्तों के बलिदानों को कभी नहीं भूलना चाहिए जिन्होंने हमें गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराया। उन्होंने कहा कि हमारा संस्थान वानिकी के क्षेत्र में निरंतर प्रगतिशील काम कर रहा है जिससे कि देश और प्रदेश के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। इसलिए हम सबको मन लगाकर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आजकल कोविड-19 महामारी से बचने के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों एवं नियमों का सख्ती से पालन करें। निदेशक महोदय ने कहा कि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए पारम्परिक रूप से उपयोग में लायी जाने वाली जड़ी बूटियों का सेवन करना चाहिए ताकि कोरोना के संक्रमण से बचा जा सके।



इसके उपरान्त संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधार्थियों ने देश-भक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न प्रस्तुतियां देकर सभी स्वतंत्रता सेनानियों तथा शहीदों को याद किया तथा समारोह में उपस्थित सभी लोगों का मनोरंजन किया।




















अंत में डॉ. सामंत, निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने भी देश-भक्ति गीत गाया तथा इसके उपरांत संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधार्थियों को इस आयोजन में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया।

************************************